अभिरूप युवा संसद

नेतृत्व के संदर्भ में युवक बिरादरी का स्पर्धात्मक एवम् प्रशिक्षणात्मक अभियान – 2023

अभिरूप युवा संसद युवक बिरादरी का स्पर्धात्मक एवम् प्रशिक्षणात्मक अभियान 2014 से आयोजित किया जा रहा है। भारतीय संसदीय प्रणाली व विश्व के जिन-जिन देशों में संसदीय प्रणाली है उन देशों का विचार करते हुए जनता की अपेक्षाओं को साकार करने वाली व्यवस्था की खोज हम संसदीय प्रणाली में करते रहते हैं।

करीब 543 + 245 सांसद भारत के संसदीय प्रणाली मे कार्यरत हैं l 36 विभिन्न राज्य व केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभाएं, 776 जिलों के सैकड़ों जिला परिषद, तालुका परिषद एवम् करीब 6 लाख 50 हजार छोटे कस्बों के पंचायत सदस्य, नगर पालिका से महानगर पालिका, सहकारी संस्थाएँ, देश भर फैली हुई अर्धशासकीय, स्वयंसेवी व व्यावसायिक स्तर पर कार्यरत संस्थाएँ नव नेतृत्व द्वारा आज परिवर्तन की अपेक्षा कर रही हैं । स्वच्छ, सुंदर व पारदर्शी स्वप्नों को साकार करने की दिशा में चतुर्दिश फैले ज्ञान को प्राप्त करने हेतु सतत विद्यार्थी बने रहने वाले नव-यौवन के स्वागत के लिए देश उत्सुक है। युवक बिरादरी (भारत) अपने साथ संलग्न विभिन्न संस्थाओं व यंत्रणाओं के सहयोग से इस युवा संसद अभियान में युवाओं को प्रशिक्षण एवम् स्पर्धात्मक मंच प्रदान कर रही है। जहाँ प्रतिभागियों के बीच से योग्य युवाओं का संसदीय पद्धति, लोकतांत्रिक मूल्य, वैचारिक दृष्टिकोण, दूरदर्शिता, निर्णय-क्षमता, समस्या समाधान के संदर्भ में उनकी भूमिका, वकृत्व शैली / वाद-संवाद जैसे विविध गुणों के आधारपर परीक्षण किया जायेगा । इस स्पर्धा में सहभागी होनेवाले समूहों को प्रश्नोत्तर एवम् राष्ट्र के विकास हेतु महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चात्मक कार्यक्रम के लिए व्यासपीठ प्राप्त होगा। 16 से 30 आयुमर्यादा के 20 युवाजनों का समूह सभापति के साथ सत्ताधारी पक्ष और विपक्ष की भूमिका को साकार करेंगे।

बिरादरी द्वारा 19 नवंबर से 28 दिसंबर के बीच विभागीय स्तर पर देश में करीब 06 राज्यों के 10 नगरों में अभिरूप युवा संसद के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । जिसके अंतर्गत विभागीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ समूह को रु. 12,500/-, उपश्रेष्ठ को रु.7,500/- व गुणवत्ताधारक समूहों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 05-05 हजार रुपये दिये जायेंगे । व्यक्तिगत स्तर पर उत्कृष्ट सांसद की भूमिका निभाने वाले 'युवा संसद राष्ट्रीय मंच पर आमंत्रित किये जाएगें । जहाँ सर्वोत्कृष्ट युवाओं को रु. रु. 50,000/-, रु.30,000/- रु. 20,000/- के राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जायेंगे । इन स्पर्धात्मक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी युवक बिरादरी के www.biradari.org वेबसाईट पर दी जायेगी। प्रस्तावित विषयों के अतिरिक्त अन्य विषय का भी चयन सहभागी- समूह द्वारा किया जा सकता है | प्रश्नोत्तर व विधेयक के अंतर्गत चर्चा मिलाकर कुल प्रस्तुति अवधि साठ मिनिट मर्यादित होगी । नियमावली की जानकारी वेबसाईट पर दी जायेगी।

स्पर्धा के संदर्भ में सभी अंतिम अधिकार युवक बिरादरी केन्द्रीय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेंगे। स्पर्धा नियमों के संदर्भ में किसी भी प्रकार की चुनौती अस्वीकार्य होगी । राज्यभाषा- राष्ट्रभाषा के साथ अपवादात्मक रूप में मर्यादित स्तर पर अंग्रेजी भाषा का उपयोग कार्यक्रम प्रस्तुति के दौरान किया जा सकता है।

पंजीकरण हेतु दिनांक 02 से 31 अकतूबर के बीच Email पर संपर्क किया जा सकता हैं।
Regional (प्रादेशिक) अभिरुप युवा संसद स्पर्धा सेंटर की जानकारी संकेत स्थल पर www.biradari.org पर 09 अगस्त से प्राप्त होगी |

Website : www.biradari.org
Email : info@biradari.org

YUVAK BIRADARI

हजारीमल सोमाणी मार्ग, फोर्ट,
मुंबई - ४०० ००१.

फोन : - ०२२ २२०७५५९२